**MODEL TEST PAPER 2017-18**
**CLASS -VII PRATIBHA**
**SOCIAL SCIENCE**

**TIME :2 Hrs 30 Minutes** **M.M.:50**

**General Instructions:**

**सामान्य निर्देशः–**

(1) All Questions are Compulsory.
सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(2) Q. No. 1 to 6 carry 1 mark each.
प्रश्न संख्या 1 से 6 तक सभी के 1-1 अंक हैं।

(3) Q. No. 7 to 11 carry 2 marks each.
प्रश्न संख्या 7 से 11 तक सभी के 2-2 अंक हैं।

(4) Q. No. 12 to 17 carry 3 marks each.
प्रश्न संख्या 12 से 17 तक सभी के 3-3 अंक हैं।

(5) Q. No. 18 to 19 carry 5 marks each.
प्रश्न संख्या 18 से 19 तक सभी के 5-5 अंक हैं।

(6) Q. No. 20 has Map work in 2 Parts (a) and (b) Total 6 Marks.
प्रश्न संख्या 20 मानचित्र का है जिसके दो भाग हैं।(क) और (ख) कुल 6 अंक हैं।

(7) Students are expected to read questions carefully before writing the answers.
विद्यार्थियों से अपेक्षित है कि वे प्रश्नों के उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्नों को सावधानी पूर्वक पढ़ें।

Q.1. Correct the statement in historical context. **(1)**
ऐतिहासिक संदर्भ में कथन सही करके लिखिए।

Aurangzeb incurred huge financial losses for fighting a long battle in Malwa.

औरंगजेब को मालवा में लंबी लड़ाई लड़ने के कारण भारी वित्तीय नुकसान उठाना पड़ा।

Q.2. Write the name of one of the struggles fought against any other inequality like the 'Tawa Matasya Sangh' and write its objective.
'तवा मत्स्य संघ' जैसे किसी अन्य असमानता के विरुद्ध लड़े गए किसी एक संघर्ष का नाम लिखिए? उसका एक उद्देश्य लिखिए?

Q.3. 'My hunger has the right to know **(1)**
Why grain rots in godowns.
While I don't even get a fistful of rice'.

'मेरी भूख को ये जानने का हक रे.............................
क्यूँ गोदामों में सड़तें हैं दाने, मुझे मुठ्ठी– भर धान
अन्य नहीं ।

Write the type of inequality discussed in the above mentioned poem.
उपर्युक्त कविता में किस प्रकार की असमानता चर्चा की गई है उसका नाम लिखिए?

Q.4. What were the sources of earning of mansabdar?
मनसबदार की आय के साधन क्या थे? (1)

Q.5. Write any one difference between hawker and shop owner.
फेरीवाले और दुकानदार में कोई एक अंतर बताइए?

Q.6. Which one of the followings is a man-made resource? (1)

निम्नलिखित में से मानव निर्मित संसाधन कौन–सा है?
(a) Hydrosphere (b) Biosphere (c) Soil (d) Bridge.
(क) जलमंडल (ख)जैवमंडल (ग) मिट्टी (घ) पुल

Q.7. In the Eighteenth century Europeon traders established 'Black Towns' in Bombay, Calcutta and Madras. These can be looked upon as which kind of inequality?
अठाहरवीं शताब्दी में बम्बई, कलकत्ता और मद्रास में यूरोपीय कम्पनियों द्वारा जो 'ब्लैक टाउन्स' बनवाये गये आप उन्हें असमानता के किस रूप में देखते हैं? समझाइए। (2)

Q.8. In the shops of the neighborhood often the goods are cheaper than the mall. Still people buy goods from the mall, why?
मौहल्ले की दुकान में मॉल की तुलना में प्रायः जरुरत का सामान सस्ता मिलता है, फिर भी लोग मॉल से सामान क्यों खरीदते हैं? (2)

Q.9. What happens when the humidity is low or high? Give example of each.
आर्द्रता कम या ज्यादा होने से क्या होता है? कोई दो उदाहरण दीजिए। (2)

Q.10. Why did population flourish more on the banks of rivers?
नदियों के किनारे ही जनसंख्या क्यों अधिक फली–फूली? (2)

Q.11. What are the significances of tides for the people living in coastal area?
समुद्र के किनारे रहने वाले लोगों के जीवन में ज्वार भाटे का क्या महत्त्व है? (2)

Q.12. Explain the series of making of shirt from cotton.
कपास से कमीज बनने की श्रृंखला को समझाइए? (3)

Q.13. Write the similarities between of Islam teachings and teachings of Guru Nanak?
इस्लाम की प्रमुख शिक्षाओं तथा गुरुनानक देव की शिक्षाओं में समानता बताइए? (3)

Q.14. Which kind of changes are occurring in the lives of people living in hot deserts?
गर्म रेगिस्तान में रहने वाले लोगों के जीवन में क्या– क्या परिवर्तन आ रहें हैं? (3)

Q.15. Write the name of the MLA of your area? Write two problems of your area, which are expected to be resolved by the MLA.

अपने क्षेत्र के विधायक का नाम लिखिए? अपने क्षेत्र की किन्हीं दो समस्याओं का उल्लेख किजिए जिसका समाधान विधायक से अपेक्षित है? (3)

Q.16. In eighteenth century, Hyderabad, Awadh and Bengal emerged as strong political organisation. Describe the reasons.
अठाहरवीं शताब्दी में हैदराबाद, अवध और बंगाल का एक मजबूत राजनीतिक संघठन के रूप में उभरने के प्रमुख कारणों का वर्णन कीजिए? (3)

Q.17. Do you consider Akbar as an efficient administrator? Give reasons for your answer?
क्या आप अकबर को एक कुशल प्रशासक मानते है? यदि हाँ तो क्यों और यदि नही तो क्यों नहीं? अपने उत्तर की पुष्टि तर्क सहित दीजिए? (3)

Q.18. Mention any one thing about Delhi which you like the most. If you were to promote tourism in Delhi how and which means of communication will you use to reach out to people persuading them to come to Delhi?
दिल्ली शहर के बारे में कोई एक ऐसी चीज़ जो आपको पसन्द हो उसका नाम लिखिए? यदि आपको उससे दिल्ली के पर्यटन को बढ़ावा देना है तो आप लोगो को प्रभावित करने के लिए किस संचार माध्यम का प्रयोग करोगे और क्यों? (5)

Q.19. Classify the following areas on the basis of vegetation. Write the names of animals found in them.
निम्न क्षेत्रों को उनकी वनस्पति के आधार पर बांटिएँ और उनमें पाये जाने वाले जीव–जन्तुओं के नाम लिखिए? (5)

(a) Australia (b) Brazil
(क) ऑस्ट्रेलिया (ख)ब्राजील

Q.20. Map work is divided into two parts Part (A) and Part (B)
मानचित्र कार्य भाग (क) और भाग (ख) में विभाजित है।
Part 'A' Locate in Indian physical map

भाग (क) भारत के भौतिक मानचित्र में दर्शाइए? (3)

(a) River Ganges (b) River Brahmaputra (c) Cold desert
(क) गंगा नदी (ख)ब्रह्मपुत्र नदी (ख)ठंडा मरुस्थल

**Part 'B' (Identify on the map of India)**
**भाग (ख)**

**भारत के मानचित्र में दर्शाइए** (3)

(a) An area related with great sufi saint
महान सूफी संत से जुड़ा क्षेत्र.
(b) Famous port
प्रमुख बंदरगाह
(c) Area related to Dadu Dayal and Meera Bai.


दादु दयाल और मीरा बाई से जुड़ा क्षेत्र

**For visually impaired students in lieu of question number 20.**

**केवल दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 20 के स्थान पर**

(a) What is cold desert?
ठंडा मरुस्थल किसे कहते हैं? **(3)**

(b) Write main teachings of Sufi Saints.
सूफी संतो की प्रमुख शिक्षाएँ लिखिए? **(3)**



**MODEL TEST PAPER-2017-18 (Annual)**
**CLASS VII NISHTHA**
**SOCIAL SCIENCE**

TIME: 2½ Hrs. Maximum Marks: 50

## General Instructions:

1. The question paper has 20 questions.
2. All questions are compulsory.
3. Write the same question number as given in the question paper while answering the question.
4. Attach/paste the map carefully inside the answer sheet.
5. Questions from serial number 1 to 6 are multiple choice questions (MCQ) of 1 Mark each.
6. Questions from serial number 7 to 11are for 2 marks.
7. Questions from serial number 12 to 17are for 3 marks.
8. Questions from serial number 18 & 19 are for 5 marks.
9. Question 20(a) and 20 (b) are for 3-3 marks respectively.
10. Students are expected to read questions carefully before writing the answers.

## सामान्य निर्देश :

1. प्रश्न पत्र में 20 प्रश्न हैं।
2. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
3. प्रश्नों के उत्तर देते समय प्रश्न पत्र में दी गई प्रश्न संख्या लिखें।
4. उत्तर पत्र के अंदर ध्यान से नक्शे को संलग्न/पेस्ट करें।

5- प्रश्न 1 से 6 तक बहुविकल्पीय एक अंक वाले प्रश्न हैं।
6- प्रश्न 7 से 11 तक दो अंक वाले प्रश्न हैं।
7- प्रश्न 12 से 17 तक तीन अंक वाले प्रश्न हैं।
8- प्रश्न 18 से 19 तक पाँच अंक वाले प्रश्न हैं।
9- प्रश्न 20 ए और 20 बी क्रमशः 3-3 अंको के मानचित्र संबंधी प्रश्न हैं।
10- विद्यार्थियों से अपेक्षित है कि वे प्रश्नों के उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्नों को सावाधानी पूर्वक पढ़ें।

**Complete the sentences by choosing the correct option.**

उचित शब्द छाँटकर वाक्यों को पूरा कीजिए।

1) Akbar Namaa is ______ (manuscript/ inscription/ book). (1)

2) Write the name of any one saint from Maharastra……………… (Tukaram/Kabir/Nanakdev) (1)

3) Which of the following is a component of man- made environment?………(Parks/ Land/ Air). (1)

4) World Water Day is celebrated on_________(5 September/ 14 November/22 March) (1)

5) State whether the following statement is **'true' or 'false'**.

'Jinning Mill is a supermarket where seeds are removed from cotton bills.' (1)

6) Write the name of the weekly market around your area. (1)

(1) अकबर नामा ........................हैं। (हस्तलिपि / अभिलेख / किताब)

(2) महाराष्ट्र के एक संत का नाम बताइए ........................ (तुकाराम / कबीर / नानकदेव)

(3) निम्नलिखित में से कौन सा कारक मानव निर्मित पर्यावरण है?......... (पार्क / भूमि / वायु)

(4) विश्व जल दिवस..............................को मनाया जाता है।(5 सितंबर / 14नवंबर / 22 मार्च)

(5) **सही या गलत बताइए।**

'जिनिंग मिल एक सुपरमार्केट है, जहाँ रूई के गोलों से बीज अलग किए जातें हैं'।

(6) अपने आस–पास लगने वाले साप्ताहिक बाज़ार का नाम लिखिए।..................

**Identify the following pictures & write two sentences about each.(Q 7-9)**


चित्रों को पहचान कर प्रत्येक पर दो–दो वाक्य लिखिए। **(7 से 9)**

7).



(I)________________ __ (II) __________________ (2)


8)




(I)________________________________________ (2)

(II)________________________________________

9)




(I)______________________________________________________________________. (2)

(II)______________________________________________________________________

10) How was the Sikh community united in the 18th century? Write two points. (2)

18वीं शताब्दी में सिख समुदाय कैसे एक जुट हुआ था ? दो बिन्दु लिखिए।

11) Why do people go to a weekly market? Give reasons. (2)

लोग साप्ताहिक बाज़ारों में क्यों जाते हैं? कारण बताएँ।

12) What is the role of an independent media in a democracy? (3)

लोकतंत्र में स्वतंत्र मीडिया की भूमिका क्या है?

13) What is the purpose of a Press Conference? Explain. (3)

प्रेस वार्ता का क्या उद्देश्य होता है? व्याख्या कीजिए।

14) Answer the following with reference to the new religious movements during 7th & 9th century: (1+1+1=3)

a. Which deities were Alvars & Nayanars devoted to?
b. What was their perspective towards Buddhists & Jains?
c. Name any one famous Alvar saint.

7वीं और 9वीं सदी के दौरान हुए नए धार्मिक आंदोलन के संदर्भ में निम्नलिखित का उत्तर दीजिए।

(क) अलवार और नयनार किस देवताओं को समर्पित थे?
(ख) उनका दृष्टिकोण बौद्ध और जैन पंथ के लिए क्या था?
(ग) एक प्रसिद्ध अलवार संत का नाम लिखिए।

15) Write any three differences between Tropical Evergreen and Tropical Deciduous forests. (3)

ऊष्ण कटिबन्धीय सदाबहार वन और ऊष्ण कटिबन्धीय पर्णपाती वनों के कोई तीन अन्तर बताइए।

16) Write briefly about Amazon basin using the following points: (1+1+1=3)

(i) Climate
(ii) Rainforest
(iii) Various species of animals

निम्नलिखित बिन्दुओं का वर्णन करते हुए अमेज़न बेसिन के बारे में संक्षेप में लिखिए।

(i) जलवायु
(ii) वर्षावन
(iii) जानवरों की विभिन्न प्रजातियाँ।

17) 'The process of buying and selling can take place without going to a market place'. Explain the statement with the help of examples. (3)


'बाज़ार में जाए बिना भी खरीदना और बेचना हो सकता है।' उदाहरण देकर कथन की व्याख्या कीजिए।

18) In what ways are weavers dependent on the merchants in Putting Out system? How can this dependence be decreased? (5)

दादन व्यवस्था में बुनकर, व्यापारियों पर किस तरह से निर्भर हैं? इस निर्भरता को कैसे कम किया जा सकता है?

19) In the following picture of the Water Cycle, write the names of and explain processes marked (One to five (1-5). (5)

निम्नांकित जलचक्र के चित्र में चिन्हित 1-5 प्रक्रियाओं के नाम लिखें व उसके बारे में बताइए।



**NOTE: Only for visually impaired students in lieu of - Q.No 20 (A) & (B)**

केवल दृष्टिबाधित छात्रों के लिए प्रश्न संख्या 20 ए और 20 बी के बदले।

Q.20 Write the answers as directed.
निर्देशानुसार उत्तर लिखिए।

- Name one tributary of River Ganga.
  गंगा नदी की सहायक नदी का नाम लिखिए।
- Name the delta formed by Ganga and Brahmaputra rivers.
  गंगा और ब्रह्मपुत्र नदियों द्वारा गठित डेल्टा का नाम लिखिए।
- Name the city located on banks of Son river.
  सोन नदी के किनारे स्थित शहर का नाम लिखिए।
- Name one prosperous region of Mughal Empire.
  मुगल साम्राज्य के एक समृद्ध क्षेत्र का नाम लिखिए।
- Name one British province in the mid 18th century.
  18वीं शताब्दी के मध्य में एक ब्रिटिश प्रांत का नाम लिखिए।
- Name the Mughal territory which was most powerful and independent.
  मुगल क्षेत्र जो सबसे शक्तिशाली और स्वतंत्र था, उसका नाम लिखिए।

20 (A) On an outline map of India shade the region indicating the emergence of the following new states during the 18th century: (3)

a) Bengal b) Hyderabad c) Awadh

भारत के राजनीतिक मानचित्र में 18वीं शताब्दी के दौरान उभर कर आये निम्नलिखित नए राज्यों को छायाँकित कीजिए।

a) बंगाल b) हैदराबाद c) अवध।

20 (B) On the same political map of India locate the following rivers: (3)


a) The Ganga river
b) The Son river
c) The Brahamputra river

भारत के राजनीतिक मानचित्र पर निम्नलिखित नदियों को दर्शाएँ।

(क) गंगा नदी
(ख) सोन नदी
(ग) ब्रह्मपुत्र नदी

प्रश्न संख्या **20 (A)** और **20 (B)** के लिए मानचित्र

**Map for Question No. 20 (A) and 20 (B)**



# Model Test Paper
# Class –VII
# Social Science
# Nishtha Neo-Reader group.

TIME :2 Hrs 30 Minutes **M.M.:50**

## General Instructions:

## सामान्य निर्देशः

(1) All Questions are Compulsory.
सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(2) Q. No. 1 to 6 carry 1 mark each.
प्रश्न संख्या 1 से 6 तक सभी के 1-1 अंक हैं।

(3) Q. No. 7 to 11 carry 2 marks each.
प्रश्न संख्या 7 से 11 तक सभी के 2-2 अंक हैं।

(4) Q. No. 12 to 17 carry 3 marks each.
प्रश्न संख्या 12 से 17 तक सभी के 3-3 अंक हैं।

(5) Q. No. 18 to 19 carry 5 marks each.
प्रश्न संख्या 18 से 19 तक सभी के 5-5 अंक हैं।

(6) Q. No. 20 has Map Work in 2 parts (a) and (b) Total 6 marks.
प्रश्न संख्या 20 मानचित्र का है जिसके दो भाग हैं (क) और (ख), इस प्रश्न के कुल 6 अंक हैं।

(7) Write the answers in the given space.
दिये गये स्थान पर ही उत्तर लिखें।

(8) Students are expected to read questions carefully before writing the answers.
विद्यार्थियों से अपेक्षित है कि वे प्रश्नों के उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्नों को सावधानी पूर्वक पढ़ें।

**<u>This Question paper is for Nishtha Neo Reader group.</u>**

**<u>यह प्रश्न पत्र नवनिष्ठा समूह के लिए है।</u>**

Write your answers in the given space below after reading and understanding of each of the question.

प्रश्नों के बारे में पढ़ और समझ कर उनके नीचे दी गई खाली जगह में अपने उत्तर लिखिए।

1. Land, water, air, plants, and animals comprise the natural environment. 1

भूमि, जल, वायु, पेड़– पौधे एवं जीव–जंतु मिलकर प्राकृतिक पर्यावरण बनाते हैं।

Write any one component of Natural Environment?

प्राकृतिक पर्यावरण के किसी एक घटक का नाम लिखिए?

2. The process by which water continually changes it's form and circulates between oceans, atmosphere and land is known as the water cycle. 1

जिस प्रक्रम में जल लगातार अपने स्वरूप को बदलता रहता है और महासागरों वायुमंडल एवं धरती के बीच चक्कर लगाता रहता है, उस को जलचक्र कहते हैं।

What is water cycle?

जलचक्र किसे कहते हैं?

3. Anaconda, one of the world's largest snakes is found in the tropical rain forest. It can kill even a crocodile. 1

ऐनाकोंडा विश्व का सबसे बड़ा सांप उष्णकटिबंधीय वनों में पाया जाता है। यह मगर जैसे बड़े जानवर को भी मार सकता है।

In which kind of Forest Anaconda found?

ऐनाकोंडा किस प्रकार के वनों में पाया जाता है?

4. Akbar was 13 years old when he became emperor. He was a Mughal. 1

13 वर्ष की अल्पायु में अकबर सम्राट बना। वह एक मुगल था।

Write the name of a Mughal emperor?

किसी एक मुगल सम्राट का नाम लिखिए?

5. On which day of the week is weekly market held in your locality? 1

आपके घर के पास साप्ताहिक बाजार किस दिन लगता है?

6. The weavers have no way of knowing who they are making the cloth for or at what price it will be sold. At the cloth market, the merchants sell the cloth to the garment factories. In this way, the market works more in favors of the merchants. 1

बुनकरों के पास यह जानने का कोई साधन नहीं है कि वे किसके लिए कपड़ा बना रहें है और वह किस कीमत पर बेचा जाएगा। कपड़ा बाजार में व्यापारी यह कपड़ा, पहनने के वस्त्र बनाने के कारखानों को बेचते हैं। इस तरह से बाजार का झुकाव व्यापारियों के हित में ही अधिक होता है।

The market works more in favour of the___________________.

बाजार का झुकाव..................... के हित में अधिक होता है।

7. Humans learn new ways to use and change the environment. They learn to grow crops, domesticate animals and lead a settled life. 2

मानव ने पर्यावरण के उपयोग और उसमें परिवर्तन करने के कई तरीके सीख लिए। उसने फ़सल उगाना, पशु–पालना और स्थाई जीवन जीना सीख लिया।

Write any two new ways humans learnt to use and change environment?

कोई दो ऐसे तरीके लिखिए जो कि मानव ने पर्यावरण के उपयोग और उसमें परिवर्तन करने के सीखे?

8. Name any two means of communication you use in your daily life? 2

आपके दैनिक जीवन में उपयोग किये जाने वाले संचार के दो साधनों के नाम लिखिए?

9. Name any two electronic machines which are very important in your daily life? 2

ऐसी दो इलेक्ट्रॉनिक मशीनों के नाम लिखिए जो आपके रोज के जीवन में बहुत जरूरी हैं ?

| | |
|---|---|
| 1. | |
| 2. | |

10. From means of communication or media, people can know how their government is working. 2

संचार माध्यमों या मीडिया के द्वारा लोग जान सकते हैं कि सरकार किस प्रकार काम कर रही है।

Write any two mediums of communication which tells you how the government is working?

कोई दो ऐसे संचार माध्यम लिखिए जो आपको बताते हैं कि सरकार किस प्रकार काम कर रही है?

| |
|---|
| |
| |

11. Weekly markets do not have permanent shops. Many things in weekly markets are available at cheaper rates. 2

साप्ताहिक बाजार में रोज खुलने वाली पक्की दुकाने नहीं होती हैं। साप्ताहिक बाजारों में बहुत सी चीज़ें सस्ते दामों पर मिल जाती हैं।

Write any one weakness and one benefit of weekly markets?

साप्ताहिक बाजार की कोई एक कमज़ोरी तथा एक फायदा लिखिए?

| |
|---|
| |
| |

12. During a storm, the winds blowing at very high speed from huge waves. These may cause tremendous destruction. An earthquake, a volcanic eruption or under water landslides can shift large amounts of ocean water. As a result a huge high as tidal wave called tsunami, that may be as high as 15Mt is formed.
तूफान में तेज वायु चलने पर विशाल तरंगें उत्पन्न होती हैं। इनके कारण अत्यधिक विनाश हो सकता है। भुकंप, ज्वालामुखी उद्गार या जल के नीचे भूस्खलन के कारण महासागरीय जल अत्यधिक विस्थापित होता है। इसके परिणाम स्वरूप 15 मीटर तक की ऊँचाई वाली विशाल ज्वारीय तरंगें उठ सकती हैं, जिसे सुनामी कहते हैं। 3

Write any three facts about Tsunami?
सुनामी के बारे में कोई तीन बातें लिखिए?

________________________________________

________________________________________

________________________________________

13. The growth of vegetation depends on temperature and moisture. It also depends on factors like slope and thickness of soil. The type and thickness of natural vegetation varies from place to place, because of the variation in these factors. 3

वनस्पति की वृद्धि तापमान एवं नमी पर निर्भर करती है। इसके अलावा यह ढाल एवम् मिट्टी की परत की मोटाई जैसे कारकों पर भी निर्भर करती है। इन घटकों में अंतर के कारण किसी स्थान की प्राकृतिक वनस्पति की सघनता एवं प्रकार में भी परिवर्तन होता है

Write any three factors on which the growth of vegetation depends?
वनस्पति की वृद्धि किन कारकों पर निर्भर करती है। कोई तीन कारक लिखिए?

________________________________________

________________________________________

________________________________________

14. If people go on cutting the trees like this there will not be enough oxygen, water vapors, timber, fruits, nuts etc available in future. 3

अगर लोग इसी प्रकार पेड़ों को काटते रहे तो भविष्य में पर्याप्त ऑक्सीजन, जलवाष्प, लकडी, फल, मेवे आदि नहीं मिल पायेंगें।

Write any three losses we may face in future due to cutting the trees?

पेड़ों को काटने से भविष्य में होने वाले तीन नुकसान लिखिए?

________________________________________

________________________________________

________________________________________

15. While Akbar was at Fatehpur Sikri during the 1570s, he started discussion on religion with the Ulama Brahmans, Jesuit priest who were Roman Catholics, and Zoroastrians. These discussion took place in the ibadat Khana. 3

1570 में अकबर जब फतेहपुर सीकरी में था, तो उसने उलेमा, ब्राह्मणों, जेसुइट पादरियों (जो रोमन कैथोलिक थे) और ज़रदुश्त धर्म के अनुयायियों के साथ धर्म के मामलों पर चर्चा शुरू की। ये चर्चायें इबादत खाना में हुईं।

Where and with whom did Akbar start discussions on religion?

अकबर ने धर्म के मामलों पर चर्चा कहाँ और किनके साथ शुरू की?

________________________________________

________________________________________

________________________________________

16. Write three places where you see rich and poor people standing in the same line? 3

तीन स्थानों / अवसरों के नाम लिखिए जहां आप अमीर और गरीब लोगों को एक ही लाइन में लगा देखते हैं?

________________________________________

________________________________________

________________________________________

17. Name three whole sale markets in Delhi and write the products they are famous for? 3

दिल्ली की तीन थोक मंडियों (बाजारों) के नाम लिखिए तथा उनमें बिकने वाले सामानों के नाम लिखिए?

| Markets (बाजार) | Products (सामान) |
| --- | --- |
| | |
| | |
| | |

18. Under Aurangzeb's successors, the efficiency of the imperial administration broke down. It became increasingly difficult for the later Mughal emperors to keep a check on their powerful mansabdars. Nobles appointed as governors (subadars) often controlled the offices of revenue and military administration (diwani and faujdari) as well. As the governors consolidated their control over the provinces, the periodic remission of revenue to the capital declined. Peasant and Zamindari rebellions in many parts of northern and western India added to these problems. 5

औरंगजेब के उत्तराधिकारियों के शासनकाल में साम्राज्य के प्रशासन की कार्य कुशलता समाप्त होने लगी और मनसबदारों के शक्तिशाली वर्गो को वश में रखना केंद्रीय सत्ता के लिए कठिन हो गया। सुबेदार के रूप में नियुक्त अभिजात अक्सर राजस्व और सैन्य–प्रशासन (दीवानी एवं फौजदारी) दोनों कार्यालयों पर नियंत्रण रखते थे। जैसे–जैसे सुबेदारों ने प्रान्तो पर अपना नियंत्रण सुदृढ़ किया,राजधानी में पहुँचने वाले राजस्व की मात्रा में कमी आती गई। उत्तरी तथा पश्चिमी भारत के अनेक हिस्सों में हुए ज़मीदारों और किसानों के विद्रोहों और कृषक आंदोलनों ने इन समस्याओं को और भी गंभीर बना दिया।

Which problems were faced by the successors of Aurangzeb to rule?
औरंगजेब के उत्तराधिकारियों को शासन करने में किन कठिनाईयों का सामना करना पड़ा?

______________________________________________________________

______________________________________________________________

19. The small cotton farmer and the weaver put in long hours of hard work. But they did not get a fair price in the market for what they produced. The

merchants or traders are somewhere in between compared to the weavers, they have earned more but it is still much less than the exports. Thus, not everyone gains equally in the market. 5

कपास उगाने वाले छोटे किसान और बुनकरों ने कड़ी मेहनत की, लेकिन बाजार में उन्हें उनके उत्पाद का उचित मूल्य नहीं मिला। व्यवसायी या व्यापारियों की स्थिति बीच की है। बुनकरों की तुलना में उनकी कमाई अधिक हुई है, लेकिन निर्यातक की कमाई से बहुत कम है। इस तरह बाज़ार में सब बराबर नहीं हैं।

How can you say that not everyone gains equally in the market?
आप कैसे कह सकते हैं कि बाजार में सब बराबर नहीं कमाते हैं?

________________________________________________________

________________________________________________________

________________________________________________________

20. (a) On the given map of world ------- 3

दिये गये विश्व के मानचित्र में————————

Encircle any one lake.

किसी एक झील के नाम पर गोला (⬭) लगायें।

Put the mark of a triangle around the name of a sea.

किसी एक समुद्र के नाम पर त्रिभुज (△) का निशान लगायें।

Put the mark of a rectangle around the name of a river.

किसी एक नदी के नाम पर आयत (▭) का निशान लगाएँ।






*Fig. 5.2: World – Major Seas, Lakes and Rivers*




विश्वः प्रमुख सागर झीलें और नदियाँ

OR

These questions are in lieu of the above questions for the visual impaired students- 3

ये प्रश्न मानचित्र प्रश्न की जगह दृष्टिबाधितों के लिए हैं——————

One major lake of the world

विश्व की एक प्रमुख झील

One major sea of the world


विश्व का एक प्रमुख समुद्र


One major river of the world

विश्व की एक प्रमुख नदी

20 (b) In the given out line filled map of India Encircle any three states formed in eighteenth century. 3

भारत के दिये गये मानचित्र में अठारहवीं शताब्दी में नए गठित कोई तीन राज्यों पर गोला लगाइए।






Q.20 (b) For visually impaired students in lieu of question number 3

केवल प्रश्न संख्या 20 (b) के स्थान पर दृष्टिबाधितों के लिए—————

Write any three states formed in eighteenth century.

अठारवीं शताब्दी में नए गठित कोई तीन राज्यों के नाम लिखिए।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. |